हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 8 मार्च 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

3 घाघरा मंदिर बिना जोड़ वाले पत्थरों की बनी है रहस्यमयी संरचना



## खबर संक्षेप

### श्याम सेवा मंडल का फाग महोत्सव 10 से

अंबिकापुर। श्री श्याम सेवा मंडल परिवार द्वारा इस वर्ष भी फाग महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। श्याम सेवा मंडल परिवार के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने बताया कि 10 मार्च को को एकादशी पर विशाल निशान श्री श्याम सेवा मंडल द्वारा विशाल निशान यात्रा श्री राम मंदिर से श्री श्याम मंदिर तक दोपहर 2 बजे निकाली जाएगी। जबकि भजनों की अमृत वर्षा शाम 7.30 बजे से होगी। 13 मार्च को रात्रि 11.15 बजे होलिका दहन श्री श्याम मंदिर प्रांगण में एवं दिनांक 14.3.25 दिन शुक्रवार को श्याम होली मिलन सुबह 10 बजे से होगा। इस दौरान मंडल द्वारा रंग गुलाल एवं स्वल्पाहार के साथ श्री श्याम मंदिर परिसर में अन्य व्यवस्था की जाएगी।

### ग्रामीणों से भरा पिकअप पलटा, दो महिलाओं की मौत

**अम्बिकापुर।** खड़गवां अंतर्गत ग्राम देवाडांड निवासी मानकुंवर पति सर्वजीत (57 वर्ष) बुधवार को गांव के ही अजय कुमार साहू, शांति बाई, लक्ष्मनिया, लीलावती सहित 20 से 25 लोगों के साथ मनेन्द्रगढ़ बाजार करने गई थी। रात लगभग 12 बजे बाजार कर सभी पिकअप क्रमांक सीजी 16 सीक्यू 7719 से वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही चालक वाहन लेकर ग्राम पैनारी किराना दुकान के समीप पहुंचा तभी वाहन डिवाइडर से टकरा कर सड़क पर पलट गई। वाहन के नीचे दबने से लीलावती की की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अजय कुमार साहू, शांति बाई, लक्ष्मनिया, मानकुंवर सहित अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को खड़गवां अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने मानकुंवर की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।



रमज़ान मुबारक

सातवां रोजा

आज का इफ्तार - 6.07 बजे

कल की सेहरी - 4.48 बजे

## उपाध्यक्ष पद पर भाजपा समर्थित देवनारायण ने हासिल की जीत

# शहर के बाद अब सरगुजा की सरकार पर भी भाजपा का कब्जा, निरूपा बनी अध्यक्ष







अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को प्रमाण पत्र प्रदान करते निर्वाचन अधिकारी।



समर्थकों के साथ अध्यक्ष, उपाध्यक्ष।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नगर निगम के बाद अब जिला पंचायत में भाजपा ने अपना कब्जा जमाने में सफलता हासिल कर ली है। शुक्रवार को जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए चुनाव में भाजपा समर्थित निरूपा सिंह ने जीत दर्ज की जबकि उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा समर्थित देवनारायण यादव ने जीत हासिल की है। चुनाव प्रक्रिया पीठासीन अधिकारी सुनील नायक एवं उप पीठासीन अधिकारी श्रीमती स्वेच्छा सिंह ने पूर्ण कराई और विजेता अध्यक्ष उपाध्यक्ष को प्रमाण पत्र का वितरण किया। प्रमाण पत्र वितरण के बाद भाजपा द्वारा कलेक्टर कार्यालय परिसर से लेकर भाजपा कार्यालय तक रैली निकाली गई और आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया। वहीं अब जिला पंचायत का प्रथम सम्मिलन 10 मार्च को होगा जिसमें अध्यक्ष उपाध्यक्ष के साथ ही जिपं सदस्य अपने पद की शपथ लेंगे।

**खास बात**

- 10 मार्च को लेंगे शपथ

बता दें कि सरगुजा जिले में दस वर्षों बाद भाजपा ने नगर निगम की सत्ता में वापसी की और कांग्रेस को भारी हार का सामना करना पड़ा था। निकाय चुनाव में कांग्रेस का को भारी नुकसान हुआ लेकिन जिला पंचायत चुनाव में स्थिति इसके उलट थी। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत जिला पंचायत सरगुजा में 14 सीटों में से भाजपा सिर्फ 6 सीटों पर ही चुनाव जीतकर आई थी जबकि कांग्रेस ने भी तीन सीटों पर जीत दर्ज की। इस बार चुनाव में सर्वाधिक निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव जीतकर आए। जनता ने भी भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशियों को नकारते हुए निर्दलीय प्रत्याशियों पर अपना भरोसा जताया था। इसके बाद से ही यह माना जा रहा था कि सरगुजा में ग्रामीण सरकार बनाने में निर्दलीय प्रत्याशियों का अहम योगदान होगा निर्दलीय प्रत्याशियों को लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों द्वारा अपने अपने दावे किए जा रहे थे। इस बीच शुक्रवार को हुए जिला पंचायत चुनाव में स्थिति साफ़ हो गई है। कांग्रेस विचारधारा से जुड़े हुए निर्दलीय जिला पंचायत सदस्यों ने भी चुनाव में भाजपा के प्रत्याशियों को मतदान कर अपना समर्थन दे दिया जिसके बाद कांग्रेस को हार का सामना करना पडा। जिला पंचायत में जीत के बाद भाजपा ने आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया। इसके साथ ही विजेता नव निर्वाचित अध्यक्ष उप्लाध्यक्ष का फूल मालाओं और ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया।



### चार मतों से जीती निरूपा

जिला पंचायत में लुंड्रा के क्षेत्र क्रमांक 8 से भाजपा समर्थित जिला पंचायत सदस्य श्रीमती निरूपा सिंह ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया जबकि कांग्रेस से सीतापुर क्षेत्र क्रमांक 12 से निर्दलीय चुनाव जीतकर आए शिव भरोस बेक ने अपना नामांकन दाखिल किया था। 14 सदस्यीय जिला पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए पहले गोपनीय ढंग से मतदान कराए गए और मतदान उपरान्त परिणाम की घोषणा की गई जिसमें भाजपा समर्थित श्रीमती निरूपा सिंह ने चार मतों से जीत दर्ज की। निरूपा सिंह को कुल 9 मत मिले जबकि शिव भरोस बेक को महज 5 मत ही मिले। यहां पर कांग्रेस समर्थित जिला पंचायत सदस्यों ने क्रॉस वोटिंग की जिसके बाद भाजपा को सफलता मिल गई।

#### उपाध्यक्ष को अध्यक्ष से अधिक मत

जिला पंचायत में अध्यक्ष से अधिक वोट उपाध्यक्ष प्रत्याशी को मिला है। शुक्रवार को पहले अध्यक्ष का चुनाव संपन्न कराने के साथ ही परिणामों की घोषणा कर दी गई जिससे यह साफ हो गया कि जिला पंचायत में भाजपा का कब्जा हो गया है इसके बाद उपाध्यक्ष पद के लिए वोटिंग कराई गई। चुनाव के दौरान भाजपा की ओर से लुंड्रा के क्षेत्र क्रमांक 9 से जिपं सदस्य देवनारायण यादव ने नामांकन दाखिल किया जबकि कांग्रेस की ओर से अंबिकापुर क्षेत्र क्रमांक 3 से जिपं सदस्य अनिमा केरकेट्टा ने नामांकन दाखिल किया। उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव में देवनारायण यादव ने 8 मतों से जीत दर्ज की। उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव में देवनारायण यादव को 11 व अनिमा केरकेट्टा को महज 3 मत ही मिले। इससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि अध्यक्ष का चयन होने के बाद शेष जिपं सदस्यों ने भी भाजपा प्रत्याशी को अपना समर्थन दे दिया।

### भाजपा ने निकाली रैली

नगर निगम के बाद जिला पंचायत में भाजपा की सरकार बनने के बाद भाजपा में जश्न का माहौल है। परिणामों की घोषणा होने के साथ ही भाजपा ने जमकर आतिशबाजी की और जिपं कार्यालय से भाजपा कार्यालय तक पैदल रैली निकाली। जिला पंचायत में भाजपा की जीत पर अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो ने इसे विष्णु देव सरकार के एक वर्ष के जनकल्याणकारी कामों पर जनता की मुहर बताया है। भाजपा चुनाव पर्यवेक्षक कृष्णा राय ने कहा कि सरगुजा संभाग के मुख्यालय में महापौर सहित जिला पंचायत जीतकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी का हाथ मजबूत किया है। भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने शानदार जीत पर कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनता का भरपूर प्यार और आशीर्वाद हमें मिला है। जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने की जवाबदारी अब हम पर है। इस अवसर पर महापौर मंजूषा भगत, प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंह देव, पूर्व ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी, युवा आयोग अध्यक्ष विश्वविजय तोमर, वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर, पूर्व जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, नगर निगम सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, देवनाथ पैकरा, अंबिकेश केसरी, अभय साहू, राजकुमार बंसल, विजय अग्रवाल तथा मधुसूदन शुक्ला सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।



दुर्घटना में घायल जनपद अध्यक्ष का उपचार करते स्वास्थ्यकर्मी।

## स्कॉर्पियो स्कूल बस से टकराई

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

नव निवाचित जनपद अध्यक्ष शपथ ग्रहण के बाद सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई। शपथ ग्रहण समारोह से वापस लौटने के दौरान जनपद अध्यक्ष श्रीमती शशि सिंह की तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन स्कूल बस से जा टकराई। इस हादसे में जनपद अध्यक्ष घायल हो गई जबकि पांच स्कूली बच्चों को भी चोटें आई है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल पुलिस द्वारा हादसे की जांच की जा रही है।

- शपथ ग्रहण के बाद लौट रही थी घर, जनपद अध्यक्ष घायल, 5 बच्चों को आई चोट

बता दें कि शुक्रवार को वाड्रफनगर जनपद पंचायत के नवनिर्वाचित, उपाध्यक्ष व सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया था। वाड्रफनगर जनपद पंचायत से कुल 25 सदस्य जीतकर आए है और हाल ही में हुए अध्यक्ष उपाध्यक्ष के चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की। जनपद के नव निर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती शशि सिंह पोर्ते और उपाध्यक्ष पवन जायसवाल के साथ ही सभी जनपद सदस्यों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के बाद जनपद अध्यक्ष श्रीमती शशि सिंह पोर्ते निजी स्कॉर्पियो वाहन ओआर 16 इ 0050 से वापस घर लौट रही थी। जबकि दूसरी ओर एम्बिशन पब्लिक स्कूल की बस शाम लगभग 4 बजे स्कूल की छुट्टी होने के बाद बच्चों को घर छोड़ने के लिए निकली थी। स्कूल बस बलंगी मार्ग के मदनपुर गांव में बच्चों को बस से नीचे उतार रही थी इसी दौरान जनपद अध्यक्ष की तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पीछे से स्कूल बस से टकरा गई।



दुर्घटनाग्रस्त स्कार्पियो।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया जबकि वाहन सवार जनपद अध्यक्ष भी गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके साथ ही बस से उतर रहे बच्चे भी झटका लगने से गिर गए जिन्हें चोटें आई है। घटना के बाद घायल जनपद अध्यक्ष व 5 बच्चों को वाड्रफनगर सिविल लाइन अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां जनपद अध्यक्ष व बच्चों का उपचार जारी है। मामले में पुलिस द्वारा वाहन को जब्त करने के साथ ही घटना की जांच की जा रही है। फिलहाल हादसे के कारणों का पता नहीं चल पाया है।



7 Ambikapur-pg-2-FULL_Layout 1 3/7/2025 9:19 PM Page 1











7 Ambikapur-pg 4-0_Layout 1 3/7/2025 9:44 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### सांसद चिंतामणि महाराज ने किया जन औषधि केंद्र का निरीक्षण

**कुसमी।** सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंच कर जन औषधि केंद्र का निरीक्षण किया। साथ ही बीएमओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सांसद चिंतामणि महाराज ने जन औषधि केंद्र में वितरण किए जा रहे शासन द्वारा मरीजों को 50 प्रतिशत अनुदान राशि में दवा वितरण करने की जानकारी ली। जन औषधि केंद्र कुसमी से अपने लिए 264 रुपए का दवा लिए जिसका 50 प्रतिशत अनुदान की राशि का 132 रुपए की राशि का जन औषधि केंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भुगतान किया।उन्होंने जन औषधि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस योजना के बारे में प्रचार प्रसार करने हेतु बीएमओ को निर्देश दिए ताकि दूर दराज से आने वाले इलाज कराने के लिए सभी मरीजों को इसका लाभ मिल सके। इस दौरान एसडीएम करुण डहरिया, बीएमओ मिथलेश पैकरा सहित अस्पताल के चिकित्सक व स्टाफ सहित अन्य मौजूद रहे।

### ब्राइडल शो में रीना ने हासिल किया दूसरा स्थान



**सीतापुर।** जिला मुख्यालय अंबिकापुर में आयोजित ब्राइडल शो में नगर की रीना भारती ने दूसरा स्थान हासिल किया। इस ब्राइडल शो का आयोजन श्रेया गुप्ता मेक ओवर एवं चावल जनरल स्टोर द्वारा किया गया था। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि इंटरनेट मेकअप आर्टिस्ट वीणा जोशी मुंबई, बॉलीवुड मेकअप आर्टिस्ट राजू ओर्पे मुंबई एवं हेयर गुरु राजीव श्रीवास छत्तीसगढ़ शामिल हुए। इस आयोजन में सरगुजा संभाग से 25 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान सभी प्रतिभागियों ने अपने अपने ब्राइडल के साथ रैंप पर वॉक किया। नगर के अंबिका ब्यूटी पार्लर की संचालिका रीना भारती ने भी अपने मॉडल आयशा के साथ रैम्प वॉक किया था। प्रतियोगिता के अंत मे निर्णय के आधार पर रीना भारती ने दूसरा स्थान हासिल किया। उप विजेता रीना भारती को मुख्य अतिथि ने शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### परीक्षा केन्द्रों का तहसीलदार ने किया आकस्मिक निरीक्षण



**सलका अघिना।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षाओं को सुव्यवस्थित ढंग से संचालन को लेकर भटगांव तहसीलदार द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जहां परीक्षा को शांति पूर्वक संचालित होना पाया गया। विकासखंड भैयाथान अंतर्गत पीएम स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय बतरा सहित सलका एवं भटगांव परीक्षा केंद्र में शुक्रवार को 10वीं गणित का पेपर के दौरान तहसीलदार शिवनारायण राठिया ने आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान परीक्षा केंद्र में लगे पुलिस एवं संबंधित प्रभारियों की भी उपस्थित रही। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा प्रबंधों की जांच की और केंद्र अध्यक्षों एवं ड्यूटी में लगे शिक्षकों को निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि न हो। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाने में प्राथमिकता देवे। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विशेष जांच हेतु शिक्षा विभाग के आला अधिकारी, प्रशासन एवं उड़नदस्ता टीम पूरी मुस्तैदी के साथ काम कर रही हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कोई भी व्यक्ति नकल कराने या इसमें सहयोग करने की कोशिश करता पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा केंद्र में बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित करें।

### हवन पूजन एवं मंत्रोचार के साथ संपन्न हुआ विष्णु महायज्ञ

**करवां।** तीन दिवसीय सार्वजनिक विष्णु महायज्ञ हवन पूजन एवं वैदिक मंत्रोचार के साथ संपन्न हुआ। विदित हो कि ग्राम पंचायत करवां के यज्ञशाला प्रांगण में संत सनातन गहिरा गुरु महाराज के तत्वाधान में सार्वजनिक विष्णु महायज्ञ का आयोजन किया गया था। 4 मार्च कलश यात्रा प्रारंभ होकर 7 मार्च को यज्ञ पूर्णाहुति एवं यज्ञाचार विदाई कर कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रत्येक दिन विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। यज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में अमर साय राजवाड़े एवं उनकी पत्नी ने विधिवत पूजा अर्चना की। यज्ञ आचार्य सुशांत दुबे एवं अमरनाथ वैष्णव,अंबिका वैष्णव द्वारा यज्ञ कराया गया। इस दौरान रामनारायण सिंह, अमर लाल सिंह, बबलू सिंह, अधीन सिंह, राजकुमार कुशवाहा, बीरसाय राजवाड़े, जनार्दन कुशवाहा, रामेश्वर कुशवाहा, दुर्गा साहू, नंदकिशोर कुशवाहा, विक्की राजवाड़े सहित अन्य उपस्थित थे।

## शिक्षक की कमी के बाद भी अधिकांश शिक्षक रहते हैं नदारद

# लुण्ड्रा ब्लाक के 58 स्कूलों में नहीं हैं पर्याप्त शिक्षक, बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके इसे लेकर शासन-प्रशासन न सिर्फ गंभीर है बल्कि शिक्षा को बढ़ावा देने कई योजनाएं चलाई जा रही। बच्चों में स्कूल के प्रति रूझान हो इसके लिए प्राथमिक पाठशाला में मध्यान भोजन के साथ शासन स्तर से कई शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। प्राथमिक पाठशाला में बच्चों की संख्या पर्याप्त है लेकिन स्कूल में शिक्षक की कमी की समस्या दूर नहीं हो सकी। विकासखंड लुण्ड्रा क्षेत्र स्थित लगभग 58 स्कूल है जो महज कुछ शिक्षक के भरोसे संचालित है। ऐसे में न बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है साथ ही शिक्षकों को भी कई तरह के परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**खास बात**

- शिक्षक की मनमानी से प्रधान पाठक परेशान

विकासखंड लुंड्रा अंतर्गत 58 प्राइमरी स्कूल है। कुछ स्कूल एक दो शिक्षक के भरोसे चल रहा है जहां बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है बल्कि बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। स्कूल खुले कई माह होने को है बावजूद इसके स्कूल में शिक्षक की कमी बरकरार है। ऐसे में शिक्षक स्कूल के पांच कक्षाओं को कैसे पढ़ाएगा यह आसानी से समझा जा सकता है। पहली से पांचवी एवं मिडिल स्कूल में छठवीं से आठवीं तक तीन कक्षाओं के बच्चों को संभालना शिक्षक के लिए कितना कठिन कार्य है यह तो शिक्षक के अलावा कोई दूसरा समझ ही नहीं सकता। शिक्षक को कक्षाओं के बच्चे की हाजिरी लेना, पढ़ना एवं सरकारी कामकाज व संकुल स्तर की बैठक में शामिल होना पड़ता है। ग्राम धौरपुर से लगे ग्राम जूना कुदर प्राथमिक शाला में पदस्थ एक शिक्षक कई हफ्तों से अनुपस्थित है। शाला में लगभग 18 बच्चे अध्ययन करते हैं वही 2 शिक्षक एवं 1 शिक्षिका पदस्थ हैं जिसमें एक शिक्षक के नदारद होने से इसका असर बच्चों की पढ़ाई पर भी पढ़ने लगा है। इस तरह की स्थिति विकासखंड लुंड्रा के 58 स्कूलों की है जहां शिक्षक की कमी की समस्या लंबे समय से है। लेकिन शासन प्रशासन ध्यान नहीं दे रही है ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की पढ़ाई पर ही असर पड़ रहा है।




शासकीय प्राथमिक पाठशाला।

**की जाती है शिकायत**

स्कूल में मनमानी तरीके से अनुपस्थित होने पर स्कूल के प्रधान पाठक द्वारा शिक्षकों की शिकायत संकुल प्रभारी से प्रतिदिन करते है। हैरानी की बात तो यह है कि शिक्षक के अनुपस्थित होने के बावजूद किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जाती जो समझ से परे है।

**अटैच नहीं किया गया खत्म**

शासन द्वारा स्कूल के शिक्षकों का अटैचमेंट बंद कर दिया है उसके बाद भी विकासखंड में कई शिक्षक कर्मचारी अन्य संस्थाओं में अटैच किए गए हैं। सूत्रों की माने तो कुछ शिक्षक तो दो-तीन साल से अटैचमेंट में है जबकि स्कूल में शिक्षक की कमी होने के बाद भी अटैचमेंट खत्म नहीं किया गया है। यदि इन शिक्षकों को उनके मूल स्थान स्कूल भेज देते तो स्कूलों के बच्चों का पढ़ाई प्रभावित नहीं होता।

**58 शालाओं की हालत एक जैसी**

लुण्ड्रा क्षेत्र में लगभग 58 शालाओं की हालत एक जैसी है। कई जगह एक शिक्षक है। स्कूल में हफ्तों से अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों को नोटिस दी गई है और जवाब मांगा गया है। जवाब संतोषजनक नहीं होने पर उनका वेतन भी रोका जाएगा।

-**मनोज वर्मा**, बीईओ लुंड्रा




# महिला सरपंचों के रिश्तेदारों की दखलंदाजी पर प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

जिले के जनपद पंचायत प्रतापपुर से एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है, जिसमें पंचायत बैठकों और कार्यों में निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों के स्थान पर उनके पति या अन्य रिश्तेदारों के हस्तक्षेप को लेकर सख्त चेतावनी दी गई है।

जनपद पंचायत सूरजपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जारी इस पत्र में स्पष्ट किया गया है कि पंचायतों में निर्वाचित महिला सरपंचों और पंचों के स्थान पर उनके पति या अन्य रिश्तेदारों द्वारा बैठकों में भाग लेने और फैसले लेने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। इस प्रकार की गतिविधियां पंचायती राज व्यवस्था के नियमों का उल्लंघन हैं और महिला जनप्रतिनिधियों के अधिकारों का हनन करती हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सभी ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देशित किया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि पंचायत बैठकों में केवल निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधि ही उपस्थित रहें। यदि उनके पति या अन्य रिश्तेदार बैठक में शामिल होते हैं या किसी भी तरह से हस्तक्षेप करते हैं, तो इसे अनुशासनहीनता माना जाएगा और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि भविष्य में किसी भी पंचायत में ऐसी घटनाएं पाई जाती हैं, तो संबंधित महिला जनप्रतिनिधियों को दोषी मानते हुए उनके विरुद्ध आवश्यक कानूनी कदम उठाए जाएंगे। यह निर्णय महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों को उनके अधिकारों का उचित प्रयोग करने का अवसर देने के उद्देश्य से लिया गया है। पंचायतों में महिलाओं की वास्तविक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन की यह पहल एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। प्रशासन की इस सख्ती से पंचायत व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी को लेकर एक नई उम्मीद जगी है।

# पांच मवेशी तस्करों को ग्रामीणों ने पकड़ किया पुलिस के हवाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

ग्राम बेनीपुर में गांव से मवेशियों को हांककर ले जा रहे पांच तस्करों को ग्रामीणों ने न सिर्फ पकड़ा बल्कि पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मवेशी तस्करों के विरुद्ध पशु क्रुरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत जिगनिया स्थित नदी में स्नान कर रहे ग्रामीणों ने गांव में आकर बताया कि बेनीपुर के सिमनाकला में चार मवेशियों को कुछ लोग हांककर ले जा रहे है। सूचना मिलते ही गांव के लोग मौके पर पहुंचे तो वहां पांच व्यक्तियों द्वारा चार मवेशियों को लेकर जा रहे थे। ग्रामीणों ने मवेशी तस्करी कर रहे सरफुद्दीन उर्फ बंग्लू आ. फजल हक, इस्लाम उद्दीन अंसारी आ. रहीम बक्स मिया, इनायत अंसारी आ. अजमेर अंसारी, शेखर पैकरा आ. मग्जू पैकरा और जगदीश पैकरा आ. स्व.जैना पैकरा को पकड़ कर रखा तथा घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कर पांचों आरोपियों से पूछताछ की तो सभी ने मवेशियों को बूचड़खाने ले जाने की बात बताई। जिस पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर सभी के विरूद्ध धारा 4,6,10 कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 11 के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से सभी को जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में उप निरीक्षक डाकेश्वर सिंह, प्रधान आरक्षक प्रांजुल कश्यप, आरक्षक धीरेन्द्र चंदेल सहित अन्य पुलिसकर्मी सक्रिय रहे।



# पटरी पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आया युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- जिला अस्पताल सूरजपुर में उपचार के दौरान हुई मौत
- परिजन ने लगाया सुनियोजित हत्या करने का आरोप



अंबिकापुर अनूपपुर रेल रूट में बीती रात बिश्रामपुर स्टेशन से एक किलोमीटर आगे अंबिकापुर दुर्ग ट्रेन से टकराकर युवक गम्भीर रूप से जख्मी हो गया।घटना के बाद आरपीएफ स्टॉफ की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने युवक को स्कूटी में बैठाकर बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, यहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल सूरजपुर रेफर किया था जहां उसकी मौत हो गई।बताया गया कि शिवनन्दनपुर स्थित अग्रसेन भवन के बाजू के निवासी संदीप सिंह शेरगिल उर्फ सन्नी पिता स्वर्गीय बलविंदर सिंह 30 वर्षीय युवक जो निजी वाहन चलाने का कार्य करता था।गुरुवार की रात वह पौने ग्यारह बजे के करीब एसईसीएल प्रोजेक्ट ऑफिस के पीछे गुजरी रेल लाइन को पार कर रहा था।

इस दौरान वह दुर्ग अंबिकापुर एक्सप्रेस ट्रेन क्रमांक 18242 की चपेट में आ गया।बताया गया कि युवक को अचानक पटरी पार करते देख ट्रेन के ड्राइवर ने ब्रेक भी लगाई लेकिन स्पीड कम होते तक युवक ट्रेन इंजन से टकरा गया,घटना के बाद करीब दस मिनट तक ट्रेन मौके पर खड़ी रही, ट्रेन ड्राइवर व गार्ड द्वारा घटना की सूचना आरपीएफ को दी गई जिसके बाद ट्रेन मौके से रवाना हुई।इस दौरान जख्मी युवक के पैकेट में रखे मोबाइल में उसकी मां के द्वारा कॉल करने पर आरपीएफ के जवान ने कॉल रिसीव कर युवक की मां को घटना की जानकारी दी,जिसके बाद हड़बड़ी में मौके पर पहुंचे परिजनों ने तत्काल स्कूटी में ही गंभीर रूप से घायल युवक संदीप को लेकर बिश्रामपुर अस्पताल पहुंचे, यहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर उपचार के लिए चिकित्सक ने जिला अस्पताल सूरजपुर रेफर कर दिया जहाँ उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।आरपीएफ अंबिकापुर की पोस्ट प्रभारी सुनीता मिंज ने बताया कि युवक के अंबिकापुर दुर्ग ट्रेन की चपेट में आकर जख्मी होने की जानकारी ट्रेन के चालक व गार्ड द्वारा स्टेशन प्रबंधक व आरपीएफ को रात्रि में ही दी गई थी जिसके बाद बिश्रामपुर स्टेशन में तैनात आरपीएफ जवान की मदद से घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया था।घटना कैसे व किन परिस्थितियों में हुई है इसकी जांच की जा रही है।दूसरी तरफ सूरजपुर पुलिस ने भी मामले में मर्ग कायम किया है।

**युवक के परिजन लगा रहे सुनियोजित हत्या करने के आरोप**

बताया गया कि मृतक युवक संदीप शेरगिल ऊर्फ सन्नी अपने घर समीप तलवापारा मोहल्ले के पीछे एक घर में अक्सर शराब सेवन के लिए जाता था, यहां जाने को लेकर कुछ दिनों पूर्व युवकों से उसकी मारपीट भी हुई थी, इसी घटना को लेकर परिजनों ने युवक सन्नी की सुनियोजित हत्या किये जाने की आशंका जताई है, बिश्रामपुर पुलिस इस दृष्टिकोण से भी जांच कर रही है।

### बकाया राशि नहीं चुकाने पर विभाग ने काटा विद्युत कनेक्शन

**बिश्रामपुर।** घरेलू विद्युत कनेक्शन का बकाया राशि नहीं जमा करने पर विभाग द्वारा विद्युत विच्छेद किए जाने से नाराज उपभोक्ता ने सहायक अभियंता को गोली मारने की धमकी देते हुए गाली गलौच किया गया है। विद्युत विभाग के सहायक अभियंता प्रतीक बारा द्वारा मामले की लिखित शिकायत जयनगर थाना में दी है। जयनगर पुलिस को की गई रिपोर्ट में बिश्रामपुर विद्युत वितरण केंद्र बिश्रामपुर के सहायक अभियंता प्रतीक बारा द्वारा बताया गया है कि ग्राम सिलफिली निवासी राममोहन राजवाड़े पिता संत कुमार द्वारा पिछले दो वर्षों से घरेलू विद्युत कनेक्शन का बिजली बिल की राशि करीब 24,690 रुपए का भुगतान विभाग को नहीं किया गया है जिसको कई बार रिमाइंडर जाने के बाद भी नहीं चुकाया गया। बिजली बिल की बकाया राशि जमा नहीं किए जाने पर दिनांक 7 मार्च शुक्रवार के दिन को राममोहन राजवाड़े के घरेलू विद्युत कनेक्शन का विच्छेद विभाग कर्मियों ने कर दिया है। इसी बात पर क्षुब्ध होकर राममोहन राजवाड़े द्वारा विद्युत कनेक्शन को तत्काल जुड़वाए जाने हेतु सहायक अभियंता प्रतीक बारा व भटगांव के कनिष्ठ अभियंता संजय कुमार पटेल के साथ मोबाइल पर अश्लील गाली गलौज करते हुए गोली मार देने की धमकी दी गई है।

- गुस्साए उपभोक्ता ने फोन पर सहायक अभियंता को गाली गलौच कर गोली मार देने की धमकी दी

# तीन महीने से युवक लापता, बाइक कांसाबेल से बरामद




**सीतापुर।** विगत तीन महीने से लापता पुत्र की तलाश करने पिता ने पुलिस से गुहार लगाई है। इस संबंध में पिता ने पुलिस महानिरीक्षक को ज्ञापन सौंप उचित कार्रवाई की मांग की है। वहीं तीन महीने से लापता युवक के बारे में कोई सुराग नहीं मिलने से पत्नी का रो रोकर बुरा हाल है। विदित हो कि ग्राम लीचिरमा निवासी अनिरुद्ध दास आ. भरथरी दास विगत तीन महीने से बिना बताए लापता है। युवक शादीशुदा और बाल बच्चेदार है। 19 नवंबर को वह घरवालों को नल जल योजना में काम करने की बात कह अपनी बाइक से रघुनाथपुर जाने के लिए निकला था लेकिन वो रघुनाथपुर न जाकर अपनी परिचित महिला से मिलने जशपुर जिले के कांसाबेल चला गया। यह बात घरवालों को तब पता चली जब युवक की बाइक कांसाबेल निवासी बुधनाथ से बरामद हुई। बाइक बरामद होने के बाद घरवालों ने युवक से संपर्क साधने की कोशिश की। उन्होंने उसके मोबाइल पर कॉल किया पर युवक का मोबाइल स्विच ऑफ बता रहा था। जिसके बाद घरवालों ने युवक को तलाशने की काफी कोशिश की। अपने रिश्तेदार एवं जान पहचान के लोगों के यहां पता लगाया पर युवक का कोई सुराग नहीं मिला। काफी तलाशने के बाद भी युवक का कोई सुराग नहीं मिलने से घरवालों को अनहोनी की आशंका सताने लगी। जिसके बाद घरवालों ने कांसाबेल थाने में युवक की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दी। रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद कांसाबेल पुलिस भी युवक का सुराग नहीं लगा पाई। जिससे युवक के घरवाले काफी चिंतित हो गए। इस संबंध में उन्होंने आईजी को ज्ञापन सौंप पुत्र जो तलाशने में मदद करने की गुहार लगाई है।ताकि विगत तीन महीने से लापता युवक का सुराग हाथ लग सके।

- परिजन ने आईजी से लगाई मदद की गुहार

### लटोरी शराब दुकान के सुपरवाइजर के साथ ग्राम मजीरा के लोगों ने की मारपीट, अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** अंग्रेजी शराब दुकान लटोरी के सुपरवाइजर के साथ कुछ लोगों द्वारा जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किए जाने पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। लटोरी पुलिस ने बताया कि ग्राम लटोरी बाजारपारा निवासी प्रार्थी शुभजीत पॉल पिता स्व. दुलाल पॉल 27 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह लटोरी अंग्रेजी शराब दुकान में सुपरवाइजर के पद पर पदस्थ है।6 मार्च की रात्रि करीब 9.30 बजे आरोपी ग्राम मजीरा निवासी धन कुमार अपने अन्य साथियों के साथ शराब दुकान आया था। यहां पर बियर लेने की बात पर आरोपी धनकुमार व उसके साथी द्वारा प्रार्थी युवक से अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की गई है। घटना में प्रार्थी के सिर व गले के पास चोट आई है। साथ ही बीच बचाव करते समय अन्य युवक प्रीतम सिंह को भी चोट लगी है। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।



## केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री से केबिनेट मंत्री लक्ष्मी ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी से छत्तीसगढ़ की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने नई दिल्ली में सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़ में महिला एवं बाल विकास के कार्यक्रमों के लिए किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं होगी। इस दौरान मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से उन्होंने छत्तीसगढ़ में महिलाओं और बच्चों के लिए संचालित किए जा रहे कार्यक्रमों के क्रियान्वयन, भविष्य की योजनाओं और रणनीतियों पर सार्थक चर्चा भी की। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के समन्वय से महिला सशक्तिकरण, बाल संरक्षण एवं पोषण अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। श्रीमती राजवाड़े ने केंद्रीय मंत्री को छत्तीसगढ़ में महिला सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही महतारी वंदन योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश के समग्र विकास हेतु लगातार कार्य हो रहे हैं।

**एमबीबीएस छात्रों के लिए किराए पर ली जाएगी बस, प्रबंधकारिणी की बैठक में संभागायुक्त ने दी स्वीकृति**

# मेडिकल कॉलेज में मरीजों के लिए किराए पर लिया जाएगा एम्बुलेंस और शव वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में अब मरीजों को एम्बुलेंस और शव वाहन की समस्याओं से नहीं जूझना पड़ेगा। मरीजों को होने वाली परेशानियों को देखते हुए कॉलेज प्रबन्धन ने आउट सोर्सिंग से एम्बुलेंस और शव वाहन की व्यवस्था करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही मेडिकल कॉलेज के छात्रों को ग्रामीण क्षेत्रों में पोस्टिंग के लिए किराए पर बस लेने पर सहमती बनी है। इन निर्णयों को संभागायुक्त ने अपनी सहमती प्रदान कर दी है। बता दें कि गुरुवार को संभागायुक्त नरेंद्र कुमार दुग्गा की अध्यक्षता में राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के स्वशासी समिति के प्रबंधकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में चिकित्सा महाविद्यालय और चिकित्सालय में छात्रों के पठन-पाठन की गुणवत्ता में सुधार एवं मरीजों के उपचार में सुधारात्मक कदम उठाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।



**चिकित्सालय की व्यवस्था होगी डिजिटल**

चिकित्सालय की व्यवस्था को पूरी तरह से डिजिटल करने हेतु आवश्यक स्टाफ की भर्ती करने और ओपीडी में टोकन सिस्टम लागू करने के लिए राशि स्वीकृत की गई। इस पहल से मरीजों की जांच और उपचार में किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होगी, और चिकित्सालय की कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावी होगी। बैठक में लिए गए निर्णयों से न केवल छात्रों के पठन-पाठन में सुधार होगा, बल्कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा।

बैठक में निर्णय लिया गया कि चिकित्सा महाविद्यालय में छात्रों के रूरल पोस्टिंग के लिए बस और फैकल्टी के लिए छोटे वाहन को किराए पर लिया जाएगा। इसके अलावा, छात्रों के लिए एक प्ले ग्राउंड और अतिरिक्त स्टाफ के लिए आवास निर्माण हेतु संभागायुक्त ने एडिशनल कलेक्टर को जमीन चिह्नित करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने चिकित्सालय में मरीजों को उच्च चिकित्सालय में रेफर करने में 108 एम्बुलेंस की कमी को ध्यान में रखते हुए संवेदनशीलता बरतते हुए स्थानीय स्तर पर नर्सिंग होम एक्ट के तहत कम से कम दर पर सेवा देने वाले से एडवांस तथा बेसिक एम्बुलेंस और शव वाहन की वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। चिकित्सालय के स्टाफ की व्यवस्था सुधारने के लिए ड्रेसर, ईसीजी टेक्नीशियन, ओटी टेक्नीशियन, बायोमेडिकल इंजीनियर, फायर सेफ्टी ऑफिसर, कंप्यूटर इंजीनियर जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कलेक्टर दर पर नियुक्ति की स्वीकृति दी गई। इसके अलावा, चिकित्सालय के पुराने कबाड़ का अपलेखन करने, आवश्यक फर्नीचर खरीदने और रिएजेंट क्रय के लिए भी अनुमोदन दिया गया। बैठक में कलेक्टर के प्रतिनिधि के रूप अपर कलेक्टर अमृत लाल ध्रुव, डीन डॉ. अविनाश मेश्राम, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आरसी आर्या, चिकित्सा महाविद्यालय के सीनियर प्रोफेसर तथा सीजीएमएससी, पीएचई, सीएमएचओ के अधिकारी उपस्थित थे।

7 Ambikapur-pg 5_Layout 1 3/7/2025 9:57 PM Page 1



# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
























## खबर संक्षेप

### ऑल इंडिया विवि वुडबॉल प्रतियोगिता में आकाश निभाएंगे निर्णायक की भूमिका

**अंबिकापुर।** ऑल इंडिया विश्वविद्यालय वुडबॉल प्रतियोगिता में सरगुजा के आकाश दुबे का चयन निर्णायक के रूप में किया गया है। आकाश गुजरात में आयोजित प्रतियोगिता के दौरान निर्णायक की भूमिका निभाएंगे। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि एआईयू जोनल विश्वविद्यालय प्रतियोगिता 2024-25 इंटर वुडबॉल महिला-पुरुष का आयोजन वडोदरा गुजरात में किया जा रहा है जिसमें सरगुजा जिला वुडबॉल संघ से आकाश दुबे का चयन निर्णायक के रूप में किया गया है। आकाश पूर्व में भी कई प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में शामिल हुए हैं। उन्होंने बताया कि सरगुजा जिले के खिलाड़ियों को उनके हुनर और कड़ी मेहनत के कारण अब बड़े-बड़े प्रतियोगिताओं में निर्णायक के रूप में कार्य करने का अवसर मिला रहा है। इस प्रतियोगिता में 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में से कुल 52 विश्वविद्यालय की टीम शामिल होंगी। इस अवसर पर जिला वुडबॉल संघ से रजत सिंह, वरिष्ठ खिलाड़ी सैकी अग्रवाल, राष्ट्रीय खिलाड़ी साकेत केडिया, राष्ट्रीय खिलाड़ी प्रियंका पैकरा, राष्ट्रीय खिलाड़ी खुशबू गुप्ता, प्रिया जायसवाल, प्रज्ञा मिश्रा ने उन्हें बधाई दी।



### कोल इंडिया में महिला कल्याण समिति का होगा गठन

**विश्रामपुर।** कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषांगिक कंपनियों में महिला कल्याण समिति का गठन होगा।सीआईएल के निदेशक कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध विनय रंजन ने अनुषांगिक कंपनियों के डीपी को इस आशय का पत्र जारी किया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि सीआईएल के 50 वें स्थापना दिवस और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सहायक कंपनी की महिला कर्मचारियों अर्थात कार्यकारी और गैर-कार्यकारी से मिलकर एक महिला कल्याण समिति गठित करने का निर्णय लिया गया है, जिसका नेतृत्व एक वरिष्ठ महिला कार्यकारी अधिमानतः ई-7 ग्रेड या उच्चतर करेंगी, जो सहायक कंपनी की महिला कर्मचारियों के कल्याण से संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगी। समिति तिमाही आधार पर अपनी बैठक बुला सकती है और संबंधित सहायक कंपनी की महिला कर्मचारियों के कल्याण के लिए अपनी सिफारिशें सहायक कंपनी के निदेशक कार्मिक को प्रस्तुत कर सकती है। समिति की सिफारिशों को संबंधित सहायक कंपनी के कल्याण विभाग के माध्यम से लागू किया जा सकता है।अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के महामंत्री सुजीत सिंह ने कहा कि बीएमएस के कोल प्रभारी के. लक्ष्मा रेड्डी के प्रयास से महिला कल्याण समिति के गठन का निर्णय सीआईएल प्रबंधन द्वारा लिया गया है।

### 10वीं गणित की परीक्षा में पकड़ाया एक नकलची

**अम्बिकापुर।** गणित विषय की परीक्षा कुल 75 परीक्षा केन्द्रों में संपन्न हुआ। संयुक्त संचालक शिक्षा द्वारा गठित उड़नदस्ता दल ने शुक्रवार को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कमलेश्वरपुर का निरीक्षण किया। दल ने गणित की परीक्षा में रोल नंबर 1257503704 को नकल करते पकड़ा तथा नकल प्रकरण बनाया। कलेक्टर द्वारा गठित उड़नदस्ता दल ने लखनपुर बालक एवं कन्या दरिमा, अम्बिकापुर कन्या, नगरपालिक निगम, मल्टीपरपज एवं आदर्श जीवनदीप हायर सकेण्डरी स्कूल जजगा में डीईओ द्वारा गठित दल ने मंगारी कन्या, बतौली, बटईकेला, बोदा हायर सेकेण्डरी स्कूल एवं डि हिलॉक्स पब्लिक स्कूल परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया। केन्द्रों में परीक्षा शांतिपूर्वक संचालित होना पाया गया।

## विकास कार्यों की समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश

# रेलवे जीएम तरूण प्रकाश ने किया स्टेशन परिसर एवं निर्माणाधीन पिटलाइन का निरीक्षण



निर्माणाधीन पिटलाइन का निरीक्षण करते जोन महाप्रबंधक एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने शुक्रवार को अम्बिकापुर-अनूपपुर के मध्य विंडो ट्रेलिंग कर संरक्षा निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेलखंड पर ट्रैक मेंटेनेंस, सिग्नलिंग सिस्टम, कर्व, ब्रिज, समपार फाटक एवं क्रॉसिंग पॉइंट्स आदि की स्थिति का जायजा लिया। तथा गति प्रतिबंधों, संरक्षा मानकों एवं परिचालन से संबंधित विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की।


महाप्रबंधक श्री प्रकाश ने परसा साईडिंग का भी निरीक्षण किया तथा लोडिंग के दौरान सुरक्षा पापदण्डों के पालन के साथ किए जाने वाले कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने क्षेत्र में रेलवे द्वारा कोयला परिवहन की प्रक्रिया को और अधिक कुशल बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों से विस्तारपूर्वक चर्चा की। अम्बिकापुर स्टेशन में महाप्रबंधक ने स्टेशन पर यात्री सुविधाओं, स्वच्छता, सुरक्षा और पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत निर्माणाधीन संरचनाओं, यात्री सुविधाओं के उन्नयन, वेटिंग हॉल, प्लेटफॉर्म आदि का अवलोकन किया। उन्होंने स्टेशन में गाड़ियों की मरम्मत व सफाई के लिए बनाई जा रही पिट लाइन के कार्यों की जांच की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्टेशन में इंटरलॉकिंग सिस्टम, पॉइंट्स एवं स्विचों की कार्यक्षमता को जांचा तथा सिग्नलिंग के साथ अन्य सुरक्षा मानकों का निरीक्षण किया। विंडों ट्रेलिंग निरीक्षण के दौरान उन्होंने रेलखंड की संरचना, ट्रैक मेंटेनेंस, सिग्नलिंग प्रणाली आदि का निरीक्षण तथा सुरक्षात्मक उपायों की समीक्षा की। उन्होंने बिजुरी-बैंकुंठपुर घाट सेक्शन का भी निरीक्षण कर सुरक्षा व संरक्षा मानकों का जायजा लिया। इस दौरान महाप्रबंधक कटोरा-सूरजपुर खंड के मध्य स्थित ऊंचडीह फाटक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रेलवे अधिकारियों ने फाटक की स्थिति, सिग्नलिंग प्रणाली, बैरियर की कार्यप्रणाली एवं अन्य संरक्षा उपायों की जांच की।

### आरटीआई कार्यकर्ता ने भी जनरल मैनेजर को सौंपा ज्ञापन

आरटीआई कार्यकर्ता और अधिवक्ता डॉ. डीके सोनी ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के जनरल मैनेजर से उनके सरगुजा प्रवास के दौरान मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अंबिकापुर रेलवे स्टेशन में नए प्लेटफार्म बनवाए जाने तथा अंबिकापुर से दिल्ली चलने वाली ट्रेन को सप्ताह में दो दिन चलाए जाने हेतु ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने अपने ज्ञापन में बताया कि अंबिकापुर रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन 5 से 6 ट्रेन चलती है चूंकि अंबिकापुर रेलवे स्टेशन में एक ही प्लेटफार्म होने से दूसरी आने वाली ट्रेनों को कमलपुर रेलवे स्टेशन पर रोका जाता है जिससे यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ता है और उन्हें अंबिकापुर आने में काफी विलंब भी होता है। इसके अलावा अंबिकापुर से दिल्ली प्रतिदिन जाने वाली यात्रियों की संख्या काफी होती है लेकिन अंबिकापुर से दिल्ली सप्ताह में मात्र एक ही दिन ट्रेन चलने से काफी यात्रियों को असुविधा होती है या उन्हें अनूपपुर या कटनी या गढ़वा रोड जाकर दिल्ली के लिए ट्रेन से सफर करना पड़ता है इसलिए अंबिकापुर से दिल्ली चलने वाली साप्ताहिक ट्रेन को सप्ताह में दो दिवस किया जाना सरगुजा एवं अंबिकापुर के यात्रियों की हित में आवश्यक है।

### अम्बिकापुर-रेणुकूट रेल लाइन एवं ट्रेनों के विस्तार की मांग, सौंपा ज्ञापन

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने डीआरएम रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल के साथ अन्य वरिष्ठ तकनीकी अधिकारियों के साथ स्टेशन परिसर एवं निर्माणाधीन पिट लाइन का निरीक्षण किया। इस दौरान पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, वरिष्ठ पार्षद आलोक दुबे, क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य मुकेश तिवारी, भाजपा नेता कैलाश मिश्रा, करता राम गुप्ता सहित अन्य लोगों ने मिलकर रेल विस्तार के संबंध में चर्चा की तथा मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा। पार्षद आलोक दुबे ने अम्बिकापुर – रेणुकूट एवं अम्बिकापुर – कोरबा नई रेल लाईन विस्तार करने, अम्बिकापुर-नई दिल्ली ट्रेन को सप्ताह में दो दिन चलाने स्टेशन में अतिरिक्त प्लेटफॉर्म का निर्माण कराने, शहडोल-नागपुर ट्रेन को अम्बिकापुर से चलाने एवं दिन में अम्बिकापुर से रायपुर तक इंटरसिटी ट्रेन चलाने की मांग की। उन्होंने नई दिल्ली – अम्बिकापुर ट्रेन को सप्ताह में दो दिन चलाने एवं शहडोल नागपुर ट्रेन को अम्बिकापुर से चलाने एवं अन्य मांगों पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य मुकेश तिवारी ने महाप्रबंधक को अम्बिकापुर-रेणुकूट रेल लाइन विस्तार के लिए विधानसभा एवं ननि की एमआईसी द्वारा पारित संकल्प से अवगत कराया तथा क्षेत्रवासियों की जरूरत को देखते हुए इसकी स्वीकृति प्रदान करने की मांग की। इस दौरान उन्होंने दिल्ली निजामुद्दीन-अम्बिकापुर ट्रेन को सप्ताह में दो दिन चलाने एवं एक दिन कटनी, मैहर, सतना, चित्रकूट, बांदा होकर चलाने एवं सामान्य श्रेणी के कोचों की संख्या बढ़ाने की मांग की। उन्होंने अम्बिकापुर कोरबा के बीच स्वीकृत फाइनल लोकेशन सर्वे का सबसे छोटा मार्ग अम्बिकापुर, लखनपुर, उदयपुर, केदमा, मतरिंगा, सियांग, चिर्रा, बताती, कोरबा का नया सर्वेक्षण कराने, रायपुर के लिए सुबह इंटरसिटी ट्रेन चलाने, अनूपपुर-अम्बिकापुर मेमू को पूर्व की तरह अनूपपुर से सुबह 9:30 बजे एवं अम्बिकापुर से शाम 4.30 बजे चलाने, शहडोल-नागपुर ट्रेन अम्बिकापुर से चलाने, विलंब से चल रही अम्बिकापुर-शहडोल ट्रेन को समय पर चलाने एवं हरद, करंजी एवं कटोरा में ठहराव निर्धारित करने की मांग की। इस दौरान महाप्रबंधक श्री प्रकाश ने उपस्थित लोगों से रेलवे विस्तार सहित अन्य आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा की तथा मांगों को पूरा करने के लिए सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने अपने 2 बिंदु के ज्ञापन में अंबिकापुर रेलवे स्टेशन पर 1 और रेलवे प्लेटफार्म की मांग की जिसकी रेलवे जीएम ने तत्काल स्वीकृति दे दी है। इसके अतिरिक्त उन्होंने अंबिकापुर से दिल्ली निजामुद्दीन स्टेशन तक चलने वाले साप्ताहिक ट्रेन के एक अतिरिक्त फेरे की मांग भी की है। रेलवे जीएम के साथ चर्चा के दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री ने 31 दिसंबर 2024 को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को प्रेषित मांग पत्र को भी उपलब्ध कराया। यह पत्र मुख्यतः सरगुजा संभाग में रेलवे लाईन के विस्तार के साथ ही अतिरिक्त ट्रेन सुविधा को उपलब्ध कराने के संबंधित था। उन्होंने रेलवे जीएम से अंबिकापुर से रेणुकूट, अंबिकापुर से बरवाडीह, अंबिकापुर से झारसुगुड़ा और अंबिकापुर से कोरबा रेलवे लाईन के विस्तार पर चर्चा की। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरगुजा क्षेत्र में उत्पादित कोयले की ढुलाई से रेलवे को काफी राजस्व मिलता है। इन रेल लाईनो के विस्तार से रेलवे तो लाभान्वित होगा ही साथ ही संभाग के निवासियों को सुविधा मिलेगी। उन्होंने यह अनुरोध किया कि रेलवे सरगुजा से प्राप्त होने वाले मुनाफे के साथ ही यहां की जनभावनाओं का भी ध्यान रखे। उन्होंने बतलाया कि अम्बिकापुर-रेणुकूट लाईन और अंबिकापुर-कोरबा लाईन को जोड़ने से वाराणसी से विशाखापट्टनम की दूरी कम होगी। चर्चा के दौरान उन्होंने सरगुजा संभाग के नागरिकों की सहूलियत की दृष्टी से नई रेलगाड़ियों की मांग भी रखी। उन्होंने रेलवे जीएम को अम्बिकापुर से रायपुर या गोंदिया तक इंटरसिटी ट्रेन चलाने की मांग की। शहडोल से चलकर नागपुर को जाने वाली ट्रेन का विस्तार अंबिकापुर से करने की मांग की। यह भी सुझाव दिया कि अतिरिक्त रैक की व्यवस्था कर अंबिकापुर-दुर्ग ट्रेन का विस्तार नागपुर तक किया जाये। रेलवे जीएम ने पूर्व उपमुख्यमंत्री के सुझावों को गंभीरता पूर्वक सुना एवं इस विषय में पहल का आश्वासन दिया है। इस दौरान सरगुजा में रेल सुविधाओं के विस्तार की मांग से जुड़े कई जन संगठनों के प्रतिनिधी भी मौजूद थे।



## बैंक आए बुजुर्ग के पैर छूकर निकाली रिश्तेदारी फिर लूट लिए 20 हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

पुलिस ने नगदी लूट के मामले में एक आरोपी को पकड़ने के साथ ही बड़ा खुलासा किया है। आरोपी अपनी महिला सहयोगी के साथ मिलकर एटीएम व बैंक आने वाले बुजुर्गों को निशाना बना रहा था। आरोपी बुजुर्गों से झूठी रिश्तेदारी बताकर बाकायदा पैर छूकर आशीर्वाद लेंते और रुपए निकलने में उनकी मदद करते। रुपए निकलते ही मोटी रकम देखकर सुनसान रास्ते में उनसे लूट की वारदात को अंजाम दे रहे थे। आरोपी ने अब तक तीन लोगों को अपना शिकार बनाए जाने की बात स्वीकार की है। पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार किया गया है जबकि महिला आरोपी की तलाश जारी है।



- पुलिस ने आरोपी युवक को किया गिरफ्तार, बुजुर्गों को बना रहे थे अपना शिकार

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शंकरगढ़ थाना अंतर्गत दमोदरपुर निवासी 50 वर्षीय गुजरा उरांव आ. स्व. झिरगा उरांव 28 फरवरी को राजपुर सहकारी बैंक में अपने धान का पैसा निकालने आया था। इस दौरान एक अज्ञात व्यक्ति उसके पास आया और बुजुर्ग से रिश्तेदारी निकालते हुए उसके पैर छूए। इसके बाद अज्ञात व्यक्ति ने गुजरा उरांव के साथ बैंक में जाकर धान की रकम निकालने में मदद की। बुजुर्ग गुजरा उरांव बैंक से 20 हजार रुपए निकालने के बाद पैसों को झोले में भरने के बाद पैदल अपने घर की ओर निकल गया लेकिन इसी बीच मुख्य मार्ग पर बस स्टैंड से पहले शाम लगभग 4 बजे पीछे एक अज्ञात व्यक्ति और महिला बाइक से पहुंच गए और बुजुर्ग से 20 हजार रुपए लूटने के बाइक से भाग निकले। इस मामले की शिकायत बुजुर्ग ने राजपुर थाने में दर्ज कराई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी, एसडीओपी इमानुएल लकडा के नेतृत्व में थाना प्रभारी कुमार चन्दन सिंह द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने बैंक के बाहर संदिग्ध रूप से एक युवक को घूमते और बुजुर्ग लोगों से बातचीत करते हुए देखा गया। ऐसे में पुलिस ने संदेह के आधार पर सरगुजा जिले लुंड्रा अंतर्गत रघुनाथपुर चेंद्रा स्कूल पारा निवासी 30 वर्षीय अर्जुन लोहार आ. आलू लोहार को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी सहयोगी महिला के साथ पैसा कमाने के लिए योजना बनाई थी जिसके तहत वे बैंक में आने वाले बुजुर्ग व्यक्तियों को झांसे में लेकर अपना रिश्तेदार बताते, पैर छूकर आशीर्वाद लेते और भरोसा जीतने के बाद रुपए निकालने में मदद करते। यदि बुजुर्ग बैंक से मोटी रकम निकालते तो उन्हें लूटने का कार्य आरोपी कर रहे थे। आरोपी द्वारा अब तक इस तरह से तीन बुजुर्गों को ठगने के बाद 55 हजार रुपए की लूट की गई है। आरोपियों ने गुजरा उरांव से भी 20 हजार रुपए लूटने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी अर्जुन लोहार को बीएनएस की धारा 309 (4) के तहत गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त बाइक सीजी 15 डीएल 1642 को जब्त कर लिया है व महिला की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कुमार चंदन सिंह, उनि दिनेश राजवाडे, प्रधान आरक्षक राजेन्द्र ध्रुव, अनिल पैकरा, आरक्षक नरेन्द्र कश्यप, रूपेश गुप्ता, मोती राजवाडे, अमृत सिंह, लखेश्वर पैकरा, सुनील तिर्की सक्रिय रहे।

### सड़क दुर्घटना बाइक सवार युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम गुतुरमा निवासी सुभाष पैकरा आ. जनक राम (38 वर्ष) बुधवार की रात 10.30 बजे रिश्तेदार जितेन्द्र सिंह पैकरा के साथ बाइक से ग्राम घोघरा निवासी मामा की शादी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार बोदा व घोघरा के बीच पहुंचे तभी एक्सीडेंट हो जाने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान सुभाष पैकरा की मौत हो गई वहीं घायल का उपचार जारी है।

## बाराती वाहन दुर्घटना ग्रस्त, सवार दो लोगों की हालत गंभीर



**प्रतापपुर।** शादी की खुशियां उस समय मातम में बदल गई जब बारात से लौट रही कार गोंदा बांस नर्सरी मोड़ के समीप दुर्घटना ग्रस्त हो गई। वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, प्रतापपुर थाना अंतर्गत सेमरा खुर्द आमापारा के कालरीकर्मी हरि प्रसाद राजवाड़े अपने छोटे बेटे की बारात लेकर कोरिया गए थे। शादी संपन्न होने के बाद कार क्रमांक सीजी 29 एई 3139 से वापस लौट रहे थे। उनके साथ एक कैमरामैन भी मौजूद था। जैसे ही कार सवार ग्राम गोंदा बांस नर्सरी मोड़ के समीप पहुंचे तभी चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। कार की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को देख स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को भटगांव अस्पताल में भर्ती कराया जहां घायलों का इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मोड़ पर अचानक कार अनियंत्रित हो गई थी जिसके कारण यह हादसा हुआ। हालांकि वास्तविक कारणों का पता नही चल सका है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## हेल्थ प्लस

### ते डायग्नोस्टिक में विशेषज्ञ चिकित्सक कल

**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार 9 मार्च को सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.भुवन शर्मा, स्पाईन एण्ड पेन मैनेजमेंट डॉ.बी मिंज, पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.संजय कुमार अग्रवाल, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.करण सराफ, न्यूरो सर्जन डॉ.मनीष टावरी संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे।



हरिभूमि द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता
श्री Ram Jewellers Madhya Nagari Chowk, Bilaspur
8 March Happy Women's Day
प्रथम पुरस्कार सोने की अंगूठी | द्वितीय पुरस्कार मिक्सर ग्राइंटर | तृतीय पुरस्कार डिनर सेट | चतुर्थ पुरस्कार इलेक्ट्रीक आयरन | विशेष पुरस्कार 5 एवं अनेक सांत्वना पुरस्कार

1. भारत की वित्त मंत्री कौन है ? ............
2. लौह महिला के नाम से किसे जाना जाता है ? ............
3. रेल्वे ड्रायवर बनने वाली प्रथम भारतीय महिला ? ............
4. भारत की प्रथम क्रांतिकारी महिला कौन थी ? ............
5. भारतीय सिनेमा की प्रथम महिला अभिनेत्री कौन थी ? ............
6. भारत की प्रथम महिला शिक्षिका कौन थी ? ............
7. वर्तमान में छत्तीसगढ़ में कितनी महिला महापौर है ? ............
8. एम. ए. पास करने वाली भारत की पहली महिला ? ............
9. प्रथम भारतीय महिला क्रिकेट अम्पायर कौन थी ? ............
10. महिलाओं को वोट देने का अधिकार सबसे पहले किस देश ने दिया था ? ............

छुपा है हर घर में हुनर एरिना में उसे बनाएंगे और भी बुलंद
Join A Graduation Degree Program in Association with Dr CV Raman University, Kota, BSP
Admissions Open For New Session
Call : 88188 00 890 / 88190 00 890
ARENA ANIMATION
Summer Camp for KIDS Exclusively for Class 5th - 11th
Link Road, Bilaspur
3D - 2D Animation - Visual Fx - Gaming - Graphics Audio - Video Editing - Fashion - Interior Designing

J.K. GROUP OF INSTITUTIONS
ENGINEERING B Tech in Mechanical Engineering, Civil Engineering, Electrical Engineering, Computer Science & Engineering
BILASPUR COLLEGE OF POLYTECHNIC DIPLOMA in Mechanical Engineering, Mining, Civil Engineering, Electrical Engineering
J K EDUCATIONAL INSTITUTE OF SCIENCE ARTS AND COMMERC Bsc. BIOLOGY B.COM B.A. | PGDCA
PHARMACY M. PHARMA B. PHARMA D. PHARMA
JESCOLLEGE OF NURSING B.Sc Nursing
J.K. NATIONAL SCHOOL CBSE AFFILIATED BILASPUR & AKALTARA
JESCOLLEGE EDUCATION B.ed D.El.Ed
CITY OFFICE : Opposite Anand Children Hospital, Torwa, Bilaspur (C.G.)
COLLEGE : Near Gatora Railway Station, Bilaspur (C.G.)
CONTACT NO. : 98271-90018, 90399-69828, 70007-88531

नियम एवं शर्तें - 1. इस प्रतियोगिता में सिर्फ महिला पाठक ही भाग ले सकेंगी। 2. महिलाओं को अपना पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लगाना है । 3. बिलासपुर कार्यालय में प्रविष्टि पहुंचाने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2025 है। 4. ड्रॉ लाटरी पद्धति से निकाला जायेगा । 5. सभी प्रश्नों के सही उत्तर वाली प्रविष्टियों को ही ड्रॉ में शामिल किया जायेगा। 6. प्रतियोगिता से जुड़े किसी भी विषय पर हरिभूमि प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा । 7. विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र बिलासपुर होगा । 8. उत्तर भेजने के लिए अखबार कटिंग का ही उपयोग करें, फोटोकापी मान्य नहीं होगी । 9. हरिभूमि परिवार के सदस्य इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेंगे। 10. आप अपनी प्रविष्टि हरिभूमि के एजेंटों / संवाददाताओं / जिला कार्यालयों में भी जमा करा सकते है।

विश्व महिला दिवस प्रविष्टि
नाम सुश्री / श्रीमती :- ............
पिता/पति का नाम :- ............
स्थाई पता :- ............
फोन/मो. नं. :- ............
शैक्षणिक योग्यता :- ............
फोटो यहां चिपकाएं

रा.इ.सू.प्रौ.सं. NIELIT | NiceTec COMPUTER EDUCATION Since 1998 | REGISTER NOW
SC और ST वर्ग की महिलाओं के लिए निःशुल्क अन्य वर्ग की महिलाओं के लिए छात्रवृत्ति उपलब्ध NIELIT भारत सरकार के तत्वाधान में
राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (NIELIT) भारत सरकार के संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
फ्रेंचाइज़ी ओपनिंग Certificate सीधे भारत सरकार द्वारा प्रमाणित
Courses Available For Training:- "O" Level
NiceTec Building, Idgah Chowk, Bilaspur Mo. 9713297588, 8770020992, 7879659562, 8817215921

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

स्वामी जी 93406-38884
केदारनाथ में घोड़े खच्चर, पालकी व हेलीकॉप्टर की सुविधा दिलवाने में मदद करायेंगे।
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश, श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक 29 अप्रैल 2025, 10 मई 2025, 23 मई 2025, 02 जून 2025, 29 अगस्त 2025, 10 सितंबर 2025, 15 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-22,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 29 मई से 06 जून 2025, 09 जून से 17 जून 2025
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411